विलफुल कॉर्पोरेट डिफॉल्टर

❖ हालिया संदर्भ :

- *** हाल ही में RBI (Reserve Bank of India) के अनुसार, 2664 कॉरपोरेट कंपनियों को 'विलफुल डिफॉल्टर' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- *** 'विलफुल डिफॉल्टर' के रूप में उन्हें वर्गीकृत किया जाता है, जिनके पास Loan की रकम चुकाने के लिए पर्याप्त साधन होता है लेकिन वे इसे चुकाने में असमर्थता प्रदर्शित करता है।

❖ वस्तु स्थिति :

- *** RBI के अनुसार, मार्च 2024 तक इन डिफॉल्टरों पर बैंकिंग प्रणाली का कुल 1,96,441 करोड़ रुपए बकाया था, जो भारतीय कॉरपोरेट सेक्टर एवं बैंकिंग प्रणाली के संभावित जोखिमों को दर्शाता है।
- *** सूचना के अधिकार के प्रश्नों का जवाब देते हुए RBI ने 100 कॉर्पोरेट डिफॉल्टरों (व्यक्तियों एवं विदेशी उधारकर्ताओं को छोड़कर) का नाम जारी किया, जिसमें जून 2024 तक 8516 करोड़ रुपए के साथ गीतांजलि जेम्स लिमिटेड सूची में टॉप पर है।

- *** RBI के अनुसार विलफुल डिफॉल्टरों की संख्या मार्च 2020 में 2154 था, जो मार्च 2024 तक बढ़कर 2664 हो गया, जबकि इन पर बकाया राशि 2020 में 1,52,860 करोड़ रुपए की तुलना में 2024 में बढ़कर 1,96,441 करोड़ रुपए हो गया।

❖ *** अन्य प्रमुख डिफॉल्टर :

1. **Rank : 2 –** ABG शिपयार्ड, जो ऋषि अग्रवाल द्वारा प्रवर्तित एवं जहाज निर्माण क्षेत्र का एक प्रमुख कॉर्पोरेट है।

- इस पर कुल 4684 करोड़ रुपए का ऋण बकाया है।

2. **Rank: 3 –** कॉनकास्ट स्टील एंड पावर, जिसके मालिक संजय सुरेका है।

- इस पर बकाया राशि 4305 करोड़ रुपए है।

3. **Rank: 4 –** एरा एफ्रा इंजीनियरिंग, जो एच. एस. भराना द्वारा प्रवर्तित है।

- इस पर 3637 करोड़ रुपए बकाया है।

Note :– गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के मालिक मेहुल चौकसी है। मेहुल चौकसी एवं उनके भतीजे नीरव मोदी उनके खिलाफ FIR दर्ज होने के बाद ही भारत से भाग गए थे

❖ *** वर्ष दर वर्ष स्थिति :

दिनांक	डिफॉल्टरों की संख्या
31.03.2020	2154
31.03.2021	2415
31.03.2022	2533
31.03.2023	2622
31.03.2024	2664

❖ अन्य डिफॉल्टर एवं रैंक :

- 05 - REI Agro
- 06 - Winsome Diamond
- 07 - TRANSSTROY (भारत)
- 08 – Rotomac Global
- 09 - Zoom Developers
- 10 - Unity Infraprojects

MCQ–1 : निम्न कथनों में से सत्य कथन के आधार पर विकल्प का चयन करें –

1. मार्च 2020 से मार्च 2024 के दौरान विलफुल कॉर्पोरेट डिफॉल्टरों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है।
2. गीतांजलि जेम्स लिमिटेड मार्च 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार, विलफुल कॉर्पोरेट डिफाल्टर की सूची में प्रथम स्थान पर है।
3. विलफुल कॉरपोरेट डिफॉल्टरों की सूची हाल ही में कॉर्पोरेट एवं वित्त मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया है।

a) केवल 1 एवं 3

b) केवल 2 एवं 3

c) 1, 2 एवं 3

d) केवल 1 एवं 2

Ans.–(d)

Result Mitra